Dr. Bakshi's BAKSON'S HOMOEOPATHY

**बेक्सन ड्रग्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड**


**जी.एम.पी व आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित**

**कॉरपोरेट ऑफिस**
ए–51, साउथ एक्सटेंशन, भाग–1,
नई दिल्ली– 110049
दूरभाषः 011–41646562, 63

**वर्क्स**
इकाई 1: षिलू कला,
परवाणू (हि.प्र.)–173220

इकाई 2: प्लॉट नं. 6, सेक्टर–1,
परवाणू, जिला सोलन–173220 (हि.प्र.)

इकाई 3: गाँव चौली शाहबुदिनपुर,
परगाना भगवानपुर, तहसील रुड़की–247 661,
जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड

ग्राहक सेवा: 18002572829
ई–मेल: customercare@buybakson.com

चिकित्सीय सलाह लें
ई–मेल: **cure@bakson.net**




परवाणू प्लांट



रुड़की प्लांट



होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

**BUY ONLINE**
**www.buybakson.com**

Dr. Bakshi's BAKSON'S HOMOEOPATHY

## विश्वसनीय गुणवत्ता !





# उत्पाद पुस्तिका

**हिन्दी**



## डा० एस.पी.एस. बक्शी का कथन.........

तकनीकी और वैज्ञानिक उन्नति ने जीवन को और आसान व आरामदायक बनाया है, लेकिन इन सबसे जीवन में और तनाव भी शामिल हो गए हैं। रोग के लक्षणों और व्यस्त कार्यशैली से आदमी के जीवन की गुणवत्ता समाप्त होती जा रही है। विज्ञान ने इन रोगों के नए और बेहतर जवाब भले ही ढूँढ लिए हों लेकिन ज़रूरत इस बात की है कि रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाई जाए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके और मज़बूत पीढ़ियों की उत्पति हो सके।

पिछले कई वर्षों में होम्योपैथी सर्वाधिक बढ़ते हुए विज्ञान के रूप में उभरी है जो न केवल लक्षणों को समाप्त करती है बल्कि शरीर में प्रतिरोधक शक्ति का भी निर्माण करती है।

बैक्सन में हम वचनबद्ध हैं होम्योपैथी की अच्छाई को अरबों लोगों तक पहुँचाने के लिए, एक सुरक्षित और प्रभावकारी तरीके से, अपने उत्पाद और सेवाओं के द्वारा। हम संकल्प करते हैं, इस विज्ञान को और विकसित करने का, रोगियों के संपूर्ण और सुरक्षित रुप से इलाज करने के लिए।

प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ और प्रसन्नचित जीवन की शुभकामनाओं के साथ।

आपका

डा० एस.पी.एस. बक्शी
सी.एम.डी., बैक्सन ड्रग्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड

## विषय सूची


| | |
|---|---|
| बैक्सन की औषधियां | 1 |
| डा० बक्शी के बी ड्राप्स # बी 1–71 | 71 |
| बैक्सन की कम्पाउंड गोलियाँ | 75 |
| बैक्सन की मेडिकेटेड ग्लोब्यूल्स | 77 |
| बैक्सन की बायोकैमिक टिशू रेमिडीज़ | 78 |
| बैक्सन की बायोकैमिक कॉम्बीनेशन टेबलेट्स | 79 |
| बैक्सन की ट्राईच्यूरेशन गोलियाँ व पाउडर | 80 |
| बैक्सन की ट्राईच्यूरेशन गोलियाँ (1X श्रृंखला) | 81 |
| बैक्सन के मदर टिंचर व डाइल्यूशन | 82 |
| बैक्सन के आई ड्रॉप्स | 83 |
| बैक्सन के मरहम, क्रीम व जैल | 86 |
| बैक्सन की न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट श्रृंखला | 88 |
| बैक्सन की पर्सनल केयर उत्पाद | 101 |


प्रकृति होम्योपैथिक दवाएं देती है बैक्सन उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।

बैक्सन

# ए सी #4

गोलियाँ




## डैंड्रफ के लिए

डैंड्रफ एक सामान्य, गैर–संक्रामक त्वचा संबंधी समस्या है जिसकी वजह से तेल (सेबम) अधिक बनने के साथ सिर की मृत त्वचा झड़ने लगती है। सिर की पुरानी मृत कोशिकाएं बहुत तेज़ दर से बालों की ऊपरी सतह पर आने लगती हैं। हर 2–7 दिनों में पपड़ी बनती है अलग–अलग अंदरूनी व बाहरी कारणों की वजह से जैसे कि नशीले पदार्थ, वयःसंधि, दबाव, मौसम या व्यक्ति के आहार में बहुत अधिक परिवर्तन होना और यह बढ़ जाता है जब सिर का संपर्क पराबैंगनी रोशनी, बाल रंगने की सामग्री और तेज़ रसायन वाले शैम्पू से होता है।

हालांकि यह कोई प्राणघातक स्थिति नहीं है, लेकिन उपचार न किए जाने पर इससे बालों की जड़ें अवरुद्ध होने व बाद में उनके कमज़ोर होने से संभावित रूप से बाल झड़ सकते हैं।

ए सी#4 का सुझाव इनके लिए दिया जाता है:

- चिकनाईयुक्त, तैलीय / सूखी सिर की त्वचा।
- त्वचा की पपड़ी (सफेद व पपड़ीदा, तैलीय व चिपकी हुई)।
- खुजली के साथ हल्का लालपन।

**संगठन:** कैल्केरिया फ्लोरिका 3X, कैल्केरिया सल्फ. 3X, कालि सल्फ. 3X, नैट्रम सल्फ. 3X, आर्सेनिकम् एल्ब. 6X, रस टॉक्स. 3X, सल्फर 3X

**खुराक:** वयस्क: 1 गोली रोज़ाना दो बार दो सप्ताह तक। बच्चे: 1 गोली हर दूसरे दिन।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया उत्पाद पैक के अंदर दिया गया पर्चा पढ़ें।

**प्रस्तुति:** 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ।






# ए सी #7

गोलियाँ

बैक्सन

## हल्के कब्ज़ के लिए

कब्ज़ या अपच को प्रति सप्ताह तीन बार से कम शौच क्रिया होने के तौर पर परिभाषित किया जाता है। कब्ज़ होने पर मल आमतौर पर सख्त, सूखा, छोटे आकार का और त्यागने में दिक्कत वाला होता है। कब्ज़ियत वाले कुछ लोग शौच क्रिया को दर्दयुक्त पाते हैं और अक्सर शौच की पूरी क्रिया में ताकत लगना, आंतें फूलने और असामान्य प्रभाव महसूस करते हैं, ये लक्षण इरीटेबल बाउल सिंड्रोम में आमतौर पर पाये जाते हैं।

कब्ज़, एक लक्षण है, रोग नहीं। लगभग प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में किसी न किसी समय कब्ज़ महसूस करता है, खराब आहार व जीवनशैली खासतौर पर इसका कारण है (फंक्शनल कांस्टिपेशन), लैक्सेटिव का अधिक उपयोग अन्य कारण हो सकता है। ज़्यादातर कब्ज़ अस्थायी होता है और गंभीर नहीं होता। उम्र बढ़ने से भी शौच क्रिया की नियमितता पर प्रभाव पड़ता है। स्थायी कब्ज़ बवासीर में बदल सकती है।

ए सी#7 एक होम्योपैथिक संयोजन है जो दुष्प्रभावों के बगैर हल्के कब्ज़ से राहत देता है।

**संकेत:** मलाशय में जलन के साथ बवासीर होने के अलावा, परेशानी वाले, सख्त मल, शौच में ज़्यादा ताकत लगने, पेट दर्द, पेट में गैस सहित कब्ज़ से राहत देता है। लंबे समय तक राहत पाने के लिए एक सुरक्षित लैक्सेटिव।

**संगठन:** सेना 3X, लाइकोपोडियम क्लेव. 3X, हाइड्रेस्टिस कैन. 3X, नक्स वोमिका 3X, साइलिशिया 3X

**खुराक:** वयस्क: 3 गोलियाँ सोते समय। बच्चे: 2 गोलियाँ सोते समय। सुधार होने पर खुराक घटाते जाएँ। या चिकित्सक की सलाह के अनुसार।

**प्रस्तुति:** 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ।



बैक्सन

# ए सी #9

गोलियाँ




## बाल झड़ने का प्रतिरोधक

हमारे बाल हमारे कुल रंगरूप का सबसे ज़्यादा ध्यान दिए जाने वाला हिस्सा होते हैं। पारंपरिक तौर पर बालों का गिरना पुरुषों से जुड़ी समस्या है; हालांकि यह कई महिलाओं के लिए भी एक सच्चाई है।

अक्सर, बाल पहले से निर्धारित आनुवांशिक कारणों, पारिवारिक इतिहास और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया की वजह से पतले हो सकते हैं। दूसरे कारणों में, अस्थायी गंभीर तनाव, पोषण व हार्मोन संबंधी परिवर्तन जैसा कि गर्भावस्था, किशोरावस्था और रजोनिवृत्ति में होने वाले बदलावों सहित सामान्य जीवन में बदलाव की वजह से बालों के झड़ने (उपचार योग्य) की समस्या हो सकती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि गलग्रंथि (थाइराइड) रोग व आयरन की कमी वाले अनीमिया सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से भी बाल झड़ सकते हैं।

बैक्सन एसी#9 गोलियाँ एक कारगर चिकित्सकीय फार्मूला है जो बालों के झड़ने को रोकता है, बालों को फिर से उगाता है और होम्योपैथी की खूबियों के साथ उनका सेहतमंद विकास बढ़ाता है।

**संगठन:** एसिड फॉस. 3X, लाइकोपोडियम क्लेव. 3X, जैबोरांडी 3X, नैट्रम म्यूर. 3X, आर्निका मोन्टाना 3X, कैन्थेरिस 3X.

**खुराक:** वयस्क: 1 गोली रोज़ाना दो बार। बच्चे: 1 गोली दिन में एक बार। या चिकित्सक की सलाह के अनुसार।

**प्रस्तुति:** 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ, 200 गोलियाँ।






# एक्ने एड

गोलियाँ व क्रीम

बैक्सन

## साफ त्वचा

अत्यंत लाभदायक होम्योपैथिक मिश्रण जिसके निम्नलिखित फायदे है :

- हाइपोऐलर्जिक व एंटी–कोमेडोजेनिक कार्य।
- अत्याधिक चिकनाई (सेबम) को जमने से रोकता है।
- त्वचा को दोषरहित करता है।

एक विशेष, संतोषजनक होम्योपैथिक संरूपण जो चिकनाई (सेबम) के अत्याधिक निर्माण को रोकती है। यह इसके मूल कारण को समाप्त करती है और त्वचा पर किसी तरह का निशान या चिन्ह नही छोड़ती और पुष्ट त्वचा का निर्माण करती है।

**संगठन:** गोलियाँ: बर्बेरिस एक्विफोलियम 3X, कालियम ब्रोम. 3X

क्रीम: बर्बेरिस एक्विफोलियम Ø (बाहरी), थूजा ऑक्सी. Ø (बाहरी), कैलेनडुला ऑफ. Ø (बाहरी)

**खुराक:** 1 गोली, दिन में तीन बार। सुधार होने पर खुराक घटाकर दिन में दो बार कर दें।

**उपयोग विधि:** त्वचा के स्वच्छ व शुष्क प्रभावित भाग पर दिन में दो बार क्रीम लगाएँ।

**प्रस्तुति:** गोलियाँ: 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ

क्रीम ट्यूब: 30 ग्राम

बैक्सन

## एल्फाल्फा
टॉनिक




स्वास्थ्य वर्धक

मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध

शरीर का निर्माण करने वाला एक विस्तृत टॉनिक जो बच्चों, युवाओं और वृद्धलोगों की भूख बढ़ाता हैं, पाचन क्रिया, समीकरण और उत्सर्जन में सुधार करता है।

- सम्पूर्ण रुप से पोषण।
- विकास में सहायक।
- गर्भावस्था और दुग्धकाल के दौरान पूरक खाद्य।
- तंत्रिकाओं और गुर्दों के लिए सम्पूर्ण टॉनिक।
- तनाव हटाता है, एनीमिया (खून की कमी) को ठीक करता है।
- बढ़ती उम्र में स्वस्थ रखता है।

**संगठन:** एल्फाल्फा Ø, एविना सटाइवा Ø, हाईड्रेस्टिस केन. Ø, नक्स वोमिका 2X, सिनकोना ऑफ. Ø, सिनामोमम Ø, कालि आर्स. 3X, एसिडम् फॉस. 2X

**खुराक:** वयस्क: 1 बड़ा चम्मच, दिन में 3 बार खाने से पहले। बच्चे: 1 छोटा चम्मच, दिन में 3 बार खाने से पहले।

एल्फाल्फा टॉनिक मधु मुक्त: हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

**प्रस्तुति:** 115 मि.ली., 200 मि.ली. व 450 मि.ली.






## एल्फाल्फा टॉनिक
### जिनसेंग के साथ
बैक्सन

स्वास्थ्य वर्धक टॉनिक

इस सूत्रीकरण में अन्य सिद्ध होम्योपैथिक दवाओं के साथ एल्फाल्फा की प्राकृतिक अच्छाई भी है। यह निम्नानुसार कार्य करता है:

- भूख को बढाता है और पाचन में सुधार करता है।
- थकान को दूर करता है जो तीव्र शारीरिक परिश्रम, भावनात्मक तनाव या आराम की कमी के कारण होती है।
- तंत्रिका तंत्र को उत्साहित और ठीक करता है जब भारी ज़रुरतों के वक्त तंत्रिका थकावट, अनियमित नींद आदि के लक्षण होते हैं।
- शरीर को कमजोर करने वाले रोगों में स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।
- यह गुर्दे को ठीक करता है और इसके कार्यो में सुधार करता है जिससे शरीर का अपशिष्ट निपटान अधिक प्रभावी हो जाता है।

**संगठन:** एल्फाल्फा Ø, एविना सटाइवा Ø, जिनसेंग Ø, सिनकोना ऑफ. Ø, हाईड्रेस्टिस केन. Ø, कालि फॉस. 8X, कालि आर्स. 6X, फेरम मेट. 8X, कैलकेरिया फॉस. 8X

**खुराक:** वयस्क: 1 बड़ा चम्मच, दिन में 3 बार खाने से पहले। बच्चे: 1 छोटा चम्मच, दिन में 3 बार खाने से पहले या चिकित्सक के निर्देशानुसार।

**प्रस्तुति:** 115 मि.ली. व 450 मि.ली.



बैक्सन

## अल्फाविना माल्ट
टॉनिक




शक्तिवर्धक टॉनिक

अल्फाविना माल्ट के नियमित उपयोग से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता और रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है।

सभी आयु वर्गों के लिए पोषक और शक्तिवर्धक टॉनिक।

- शारीरिक व मानसिक शक्ति में सुधार करता है।
- गर्भकाल और दुग्धपान कराने के दौरान बेहतर पोषण देता है।
- स्नायु तंत्र संबंधी थकावट से लड़ता है।
- इसमें मौजूद फॉस्फेट यकृत व मस्तिष्क को सशक्त करते है।
- कैल्शियम के अवशोषण में सहायक है।
- प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

**संगठन:** एल्फाल्फा 2X, एविना सटाइवा 2X, सिनकोना ऑफ. 2X, हाईड्रेस्टिस केन. 2X, नैट्रम फॉस. 3X, एसिडम् फॉस. 2X, कैल्केरिया फॉस. 3X, कालि फॉस. 3X, फैरम फॉस. 3X, मैग्निशियम फॉस. 3X, वाइथेनिया सोम्निफेरा 2X

**खुराक:** वयस्क: 1 बड़ा चम्मच, दिन में दो बार।

गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाएँ: 1 बड़ा चम्मच, दिन में तीन बार।

बच्चे: 1–2 छोटे चम्मच, दिन में 2–3 बार।

**प्रस्तुति:** 300 ग्राम व 500 ग्राम





## अल्फाविना होम्यो ड्रिंक
बैक्सन

स्वास्थ्यवर्धक पेय

शक्ति और स्फूर्ति के लिए सम्पूर्ण स्वास्थ्यवर्धक पेय। यह न केवल तुरंत प्यास मिटाता है बल्कि पूरे सिस्टम को तेज़ी से ठंडा करता है और तेज़ गर्मी से शरीर में कम हो जाने वाली ताज़गी लौटाता है।

एल्फाल्फा, भूख और हाज़मा सही करता है जिससे वज़न बढ़ने के साथ ही मानसिक और शारीरिक ताकत में काफी सुधार होता है। तंत्रिकाओं का टॉनिक ब्राह्मी, सीखने की क्षमता तथा दिमाग की शक्ति बेहतर बनाता है। नैटरम म्यूरिएटिकम, अच्छा स्वास्थ्य देकर पोषक तत्वों का असंतुलन सही करता है।

**संगठन:** एविना सटाइवा Ø, एल्फाल्फा Ø, बकोपा मोन्न. Ø, नैट्रम म्यूर. 3X

**उपयोग के निर्देश:** स्वादानुसार उपयोग करें। सादे पानी में मिलाकर पिया जा सकता है या इसका ताज़गीभरा, स्वादिष्ट मिल्क शेक बनाया जा सकता है। इसे आइसक्रीम और फालूदा बनाने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।

**प्रस्तुति:** 750 मि.ली.

बैक्सन

# ऐलर एड

**गोलियाँ**




## ऐलर्जिक राइनाइटिस की प्रतिरोधक

यह इन लक्षणों के लिए उपयुक्त है :

- नाक बहना, छींके आना, आँखों में पानी आना।
- संकुलन साइन्यूसाइटिस (शिरानालशोथ)।
- ऐलर्जी के कारण बुखार व शरीर दर्द तथा हे–फीवर।

ऐलर एड गोलियाँ, एक होम्योपैथिक नुस्खा है, जो बिना किसी दुष्परिणाम परागज ज्वर से छुटकारा दिलाता हैं। ऐलर एड गोलियाँ दिनचर्या में किसी प्रकार की निस्तेजता या परेशानी पैदा नहीं करती।

**संगठनः** फैरम फॉस. 3X, नैट्रम म्यूर. 3X, कालि सल्फ. 3X, कालि म्यूर. 3X, बेप्टिसिया टिन्क. 3X, ब्रायोनिया एल्बा 3X, कॉस्टिकम् 3X, यूक्लिप्टस ग्ल. 3X, जेलसिम्यिम सेम्प. 3X, सेबाडिला 3X, यूपेटोरियम पर्फ. 3X

**खुराकः** तीव्र मामलेः 1 गोली, दिन में 4 बार। गंभीर मामलेः 1 गोली, दिन में 2 बार। हल्के से औसत मामलेः 1 गोली, दिन में 3 बार। रखरखाव खुराकः 1 गोली, दिन में 2 बार।

**प्रस्तुतिः** 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ



# ऐलर एड प्लस

**द्वि पैक**

बैक्सन




## श्वसन ऐलर्जी के लिए

बैक्सन लेकर आए हैं एक होम्योपैथिक संयोजन ऐलर एड प्लस जो कि किसी भी साइड इफेक्ट के बिना परागज ज्वर से राहत प्रदान करता है। ऐलर एड गोलियाँ रोज़ाना दिनचर्या मे किसी भी प्रकार का कोई उनींदापन या हानि नहीं प्रदान करता है। हम गोलियों के साथ बी 22 ड्रॉप्स देते है ताकि एलर्जी के लक्षणों को दूर किया जा सके।

**संगठनः** ऐलर एड गोलियाँः फैरम फॉस. 3X, नैट्रम म्यूर. 3X, कालि सल्फ. 3X, कालि म्यूर. 3X, बेप्टिसिया टिन्क. 3X, ब्रायोनिया एल्बा 3X, कॉस्टिकम् 3X, यूक्लिप्टस ग्ल. 3X, जेलसिम्यिम सेम्प. 3X, सेबाडिला 3X, यूपेटोरियम पर्फ. 3X

बी # 22: आर्सेनिकम एल्ब. 6X, कैल्केरिया कार्ब. 8X, हाइड्रास्टिस केन. 3X, काली. बाइक्रोमिकम 4X, पल्साटिला नाइग. 3X

**खुराकः** ऐलर एड गोलियाँः तीव्र मामलेः 1 गोली, दिन में 4 बार। गंभीर मामलेः 1 गोली, दिन में 2 बार। हल्के से औसत मामलेः 1 गोली, दिन में 3 बार। रखरखाव खुराकः 1 गोली, दिन में 2 बार।

बी # 22: हल्के गर्म पानी में10 बूंदें दिन में 3 बार लें। तीव्र मामलों में हल्के गर्म पानी में 10–15 बूंदें, हर 2 घंटे के अंतराल पर दिन में 6 बार लें या चिकित्सक के निर्देशानुसार लें।

**प्रस्तुतिः** ऐलर एड गोलियाँः 75 गोलियाँ व बी # 22: 30 मिली का संयोजन।



बैक्सन

# आर्निका मोन्टाना

**हेयर ऑयल**




## बालों का पोषण करे

- बालों को अतिरिक्त चमक व उम्र प्रदान करने के लिए एक अद्वितीय हेयर टॉनिक।
- इसके नियमित उपयोग से संचरण बढ़ता है बालों की जड़ें मज़बूत होती है और असमय बाल गिरना बंद होते है।
- सिर की त्वचा को पोषण प्रदान करता है और सेबम (तैलीय द्रव) के निर्माण को सीमित करके रूसी को नियंत्रित करता है।
- बालों को अल्ट्रा वायलट किरणों की क्षति से बचाता है और उनमें नया जीवन जगाता है।
- तेल में किसी प्रकार के कृत्रिम रंगों का प्रयोग नहीं किया गया है इसलिए यह बालों की संरचना व उनके प्राकृतिक रंग को बनाए रखता है।
- आसान उपयोग व पूर्णतया प्राकृतिक तत्वों के कारण यह बच्चों के लिए भी सुरक्षित है और इसके कोई हानिकारक प्रभाव नहीं हैं।

**संगठनः** आर्निका मोन्टाना Ø, ऑयल बेस

**उपयोग विधिः** बालों व मस्तिष्क की त्वचा पर धीरे–धीरे मालिश करें।

**प्रस्तुतिः** 100 मि.ली. व 200 मि.ली.






# आस्था एड

**सिरप व गोलियाँ**

बैक्सन

## सहज श्वसन

**मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध**

तीन तरफा काम–

- खाँसी पर नियन्त्रण (सूखी, काली खाँसी)
- सांस की नली खोलती है।
- बलगम बाहर निकालती है।

आस्था एड से खांसी के दौरे की तीव्रता, आवृत्ति और अवधि कम होती है तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**संगठनः** गोलियाँः ब्लाटा ओरियन्टेलिस 3X, जस्टिशिया अधाटोडा 3X, इपिकॉक. 3X, ग्राइनडेलिया रोबस्टा 3X, मैग्निशियम फॉस. 2X, सेनेगा 3X

सिरपः ब्लाटा ओरियन्टेलिस 3X, जस्टिशिया अधाटोडा Ø, इपिकॉक. Ø, ग्राइनडेलिया रोबस्टा Ø, लोबिलिया इन. Ø, मैग्निशियम फॉस. 8X, सेनेगा ऑफ. Ø

**खुराकः** वयस्कः सिरप का एक छोटा चम्मच हर 3 धंटे में या 1 गोली, दिन में 4 बार।

बच्चेः ½ चम्मच सिरप हर 3 धंटे में या 1 गोली, दिन में 3 बार ।

आस्था एड मधु मुक्तः हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

**प्रस्तुतिः** सिरपः 115 मि.ली. व 450 मि.ली.

गोलियाँः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ

बैक्सन

## आस्था एड

ड्रॉप्स




**सांस की समस्याओं के लिए**

कुछ लोगों को सर्दी/जुकाम होने पर या तीव्र साइनुसाइटिस के आकस्मिक प्रकोप होने पर सांस लेने में कठिनाई होती है जिससे उनके लिए जलन/सूजन कम हो जाने तक और रूंधे साइनस में प्रवाह चालू हो जाने तक सांस लेना कठिन बन जाता है।
पुरानी या दीर्घकालिक सांस की समस्याओं में क्रॉनिक साइनुसाइटिस, सीओपीडी, एलर्जी, और दमा शामिल हैं। ये समस्याएं, नासिका मार्ग में जकड़न पैदा कर देती हैं, नाक बहती है, आंखों में खुजली होती है या पानी आता है, सीने में जकड़न हो जाती है, खांसी आती है, घरघराहट होती है, सांस लेने में बहुत परिश्रम करना पड़ता है और सांस उखड़ती है। आस्था ड्रॉप्स सांस की परेशानियों में आराम देने के लिए तथा वायुनलिकाओं पर ऐसे प्रकोप बार–बार होने से रोकने हेतु प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाने के लिए एक सुरक्षित होम्योपैथिक दवा है।

**संगठनः** ब्लाटा ओरियन्टेलिस 3X, जस्टिशिया अधाटोडा 3X, सेनेगा 3X, लोबिलिया 3X, इपिकॉक. 3X, ग्राइनडेलिया रोबस्टा 3X, मैग्निशियम फॉस. 8X.

**खुराकः** वयस्कः 10–15 बूंद थोड़े पानी में मिलाकर, दिन में तीन बार। तीव्र चरणों के दौरान जब सांस लेने में कठिनाई हो, इसे 1:1 के अनुपात में पानी में मिलाकर नेबुलाइजर्स के माध्यम से नाक के जरिए भी लेकर उपयोग किया जा सकता है। बच्चेः वयस्कों की खुराक की आधी, या डॉक्टर के निर्देशानुसार।

**प्रस्तुतिः** 30 मि.ली., 100 मि.ली.






## बैक्यूनिल

सिरप

बैक्सन

**गुर्दे की तकलीफें**

**मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध**

होम्योपैथिक सामग्री के मिश्रण से बनी, यह एक प्रभावशाली औषधि है जो मूत्र प्रणाली संबंधित समस्याओं के लिए प्रभावकारी है। शरीर का समस्थित संतुलन बनाती है। यह मूत्र के साथ दर्द, जलन या उसमे अवसाद का होना, रक्तमेह अथवा धुंधला होना और गुर्दो के उदरशूल के लिए हितकारी है।

**संगठनः** बरबैरिस वल. Ø, कैन्थेरिस 3X, एसिडम ऑग्ज़ैलिक. 3X, ओसिमम् केन. 2X, कैल्केरिया रिन. 8X, सार्सापरिला Ø, परेरा ब्रेवा Ø, सेनेशियो ओरियस Ø

**खुराकः** वयस्कः 1 बड़ा चम्मच, दिन में 3 बार।

बच्चेः 1 छोटा चम्मच, दिन में 3 बार।

बीमारी की तीक्ष्ण अवस्था में चिकित्सक का परामर्श लें।

बैक्यूनिल मधु मुक्तः हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

**प्रस्तुतिः** 115 मि.ली., 200 मि.ली. व 450 मि.ली.



बैक्सन

## बी पी एड

ड्रॉप्स




**रक्त चाप नियंत्रक**

रक्तचाप सामान्य बनाए रखने के लिए क्लीनिक में प्रमाणितः

- रक्त के संचारण को नियमित करता है।
- रक्तवाहिनियों की रूकावट व अत्याधिक स्त्राव को रोकता है।
- आर्टिरियोस्क्लिरोसिस (धमनीकाठिन्य) को ठीक करता है।
- हाइपरटेंशन (उच्च रक्त चाप), कार्डियेक हाइपरट्रोफी (बड़े हुए हृदय) व ड्रॉप्सी (जलोदर) में फायदेमंद है।
- यह 12 सप्ताहों की अवधि के दौरान, किन्हीं पार्श्व प्रभावों के बिना, एस.बी. पी. में 15.75 mmHg की माध्य गिरावट और डी.बी.पी. में 10.31 mmHg की माध्य गिरावट देता है।

**संगठनः** राऊवोल्फिया सर्पेन्टिना 2X, विस्कम एल्बम् 3X, क्रेटेगस् ऑक्सी. 2X, आर्निका मोन्टाना 3X, वेलेरियाना ऑफ. 3X, मेलिलोटस् एल्बा 3X, केक्टस ग्र. 3X

**खुराकः** गंभीर स्थितिः थोड़े से पानी में 20 बूंदे हर 2 घंटे बाद। सामान्य से मध्यवर्ती स्थितिः थोड़े से पानी में 20 बूंदे मिलाकर लें, दिन में 2 बार।

**प्रस्तुतिः** 30 मि.ली., 100 मि.ली.






## बी पी एड प्लस

ड्रॉप्स

बैक्सन

**हाइपरटेंशन तथा हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया के लिए**

हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया और हाइपरटेंशन, दोनों ही आर्थेरोस्कलेरोटिक हृदय रोग बनने और बढ़ने के लिए जिम्मेदार कारण हैं और इनकी साथ–साथ मौजूदगी होने पर हृदय रोगों जैसे कि स्ट्रोक, हार्ट अटैक या किडनी के रोगों का खतरा बढ़ जाता है और कोलेस्ट्रॉल अधिक होने पर इंसुलिन प्रतिरोध भी बन जाता है। सामान्य रक्तचाप वह होता है जब अधिकांश समय रक्तचाप 120/80 mmHg से कम रहता है। रूधिर में कुल कोलेस्ट्रॉल की सामान्य सीमा 140 और 200 मिग्रा. प्रति डेसीलीटर के बीच होती है।
बी पी एड प्लस एक सुरक्षित होम्योपैथिक संयोजन है जो चिकित्सक की निगरानी में तथा जीवनशैली में बदलावों के साथ, बिना किन्हीं पार्श्व प्रभावों के या दवा की लत लगाए बिना रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर कम करता है। सुधार और स्वास्थ्य लाभों पर निगाह रखने के लिए नियमित रूप से चिकित्सकीय जांच कराते रहना अनिवार्य है।

**संगठनः** राऊवोल्फिया सर्पेन्टिना Ø, क्रेटेगस् ऑक्सी. Ø, केक्टस ग्र. Ø, फ्युकस वेसीकुलस Ø, कुरकुमा लोंगा Ø.

**खुराकः** 10 बूंदें थोड़े पानी में मिलाकर दिन में तीन बार, या डॉक्टर के निर्देशानुसार लें।

**प्रस्तुतिः** 30 मि.ली., 100 मि.ली.

बैक्सन

## कैल्सी एड

गोलियाँ




मज़बूत हड्डियों के लिए

कैल्शियम हमारे शरीर के विकास और कार्यप्रणाली के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है।

नैदानिक अध्ययनों में बैक्सन कैल्सी एड की प्रभाविकता साबित हो चुकी है और यह गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं सहित सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रभावी अनुपूरक है। बैक्सन कैल्सी एड निम्नलिखित में मदद करता है:

- शारीरिक थकान को कम करता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है।
- बिना किसी तकलीफ के दांत निकलने में मदद करता है।
- ऊतकों के लचीलेपन को बरकरार रखने के अतिरिक्त हड्डियों को मज़बूत बनाता है और फ्रैक्चर (अस्थिभंग) के खतरे को कम करता है।
- शरीर में कैल्शियम के स्तर को संतुलित रखता है जो अप्रत्यक्ष रूप से माहवारी–पूर्व लक्षणों को कम करता है और वज़न बढ़ने की प्रवृत्ति को नियंत्रित करता है।

संगठनः कैल्केरिया कार्बोनिका 3X, कैल्केरिया फ्लोरिका 3X, कैल्केरिया फॉसफोरिका 3X, साइलिशिया 3X

खुराकः **वयस्कः** 1 गोली रोज़ाना दो बार। **बच्चेः** 1 गोली दिन में एक बार। या **चिकित्सक की सलाह के अनुसार।**

प्रस्तुतिः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ, 200 गोलियाँ।






## कॉम एड

गोलियाँ

बैक्सन

दुश्चिंता की स्थिति में राहत दे

दुश्चिंता एक सामान्य मानवीय भावना है जिसका अनुभव कभी न कभी हर किसी को होता है। अनेक लोग अपने कार्य में किसी समस्या का सामना करने पर, कोई टेस्ट देने से पहले, या तनाव भरी परिस्थितियों में कोई निर्णय लेने के दौरान दुश्चिंता या हताशा का अनुभव करते हैं। कम मात्रा में, तनाव व्यक्ति को केंद्रित रहने, ऊर्जावान रहने और सजग रहने में सहायता करता है। लेकिन जब तनाव अत्यधिक बढ़ जाता है तो यह स्वास्थ्य, मनोदशा, उत्पादकता, रिश्तों, और जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचा सकता है।

कॉम एड एक प्रभावी होमियोपैथिक संयोजन है जो दुश्चिंता से राहत देने, तंत्रिकाओं को आराम पहुंचाने और नींद सहज बनाने के लिए है, जिसमें दवा की लत लगने व किन्हीं पार्श्व प्रभावों का कोई भय नहीं है।

संगठनः आइरिस वर्स. 3X, सेड्रान 3X, इग्निशिया अमारा 3X, स्पाइजेलिया एन. 3X, बेलाडोना 3X.

खुराकः 1 गोली, दिन में 3 बार। या डॉक्टर के निर्देशानुसार लें।

प्रस्तुतिः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ।



बैक्सन

## कार्ड एड

ड्रॉप्स




हृदय संरक्षक

हृदय को नियंत्रित रखने के लिए एक अति सक्षम दवा।

यह निम्नलिखित रोगों की रोकथाम करता है:

- एनजाइना (हृदय शूल)
- एरिथमिया (हृदय की विषम धड़कन)
- कार्डियेक हाइपरट्रोफी (हृदय का बढ़ना)
- कार्डियेक ड्रॉप्सी (हृदय का जलोदर)
- हृदय धमनी रोग

संगठनः केक्टस ग्र. Ø, क्रेटेगस् ऑक्सी. Ø, स्ट्रोफेन्थस् हिसपिडस Ø, कौन्वेलेरिया मेज. Ø, वेलेरियाना ऑफ. Ø, औरम् म्यूरैटिकम नेट. 3X, कैम्फोरा 2X

खुराकः पानी में मिला कर 20 से 30 बूंदे, दिन में 3 बार।

प्रस्तुतिः 30 मि.ली., 100 मि.ली.






## डरमैटो एड

गोलियाँ

बैक्सन

सोरायसिस के लिए

सोरायसिस तब होता है जब प्रतिरक्षा तंत्र त्वचा की कोशिकाओं के वृद्धि चक्र की गति बढ़ाने वाले गलत संकेत भेजने लगता है। सोरायसिस छूने से नहीं फैलता है। इस रोग में त्वचा पर लाल, शल्क जैसे चकत्ते हो जाते हैं, जिनके किनारे आमतौर पर बेहद स्पष्ट होते हैं। यह रोग प्रायः सममित होता है, यानि शरीर की दोनों साइडों को प्रभावित करता है। शल्क आमतौर पर चांदी जैसा सफेद होता है।

बैकसन्स डरमैटो एड सोरायसिस के लक्षणों से राहत पाने में मदद देता है।

संगठनः बर्बेरिस एक्विफोलियम Ø, कैल्केरिया कार्ब. 6X, ग्रेफाइट्स 5X, हाइड्रोकोटाइल एस. 2X, नैट्रम म्यूर. 5X.

खुराकः वयस्कः सप्ताह में दो बार, सोमवार व गुरुवार एक–एक गोली से आरंभ करें। यदि पंद्रह दिन बाद भी कोई सुधार न हो तो, आप हर दूसरे दिन एक गोली दो सप्ताह तक ले सकते हैं।

बच्चेः सप्ताह में एक बार एक गोली से आरंभ करें। सुधार बढ़ने पर, आप खुराक को घटाकर दस दिन में एक गोली पर, और उसके बाद दो सप्ताह में एक गोली पर ला सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया उत्पाद पैक के अंदर दिया गया पर्चा पढ़ें।

प्रस्तुतिः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ।

बैक्सन

## डायब एड

**ड्रॉप्स**




**ब्लड शुगर को सामान्य करता है**

बैक्सन डायब एड को नैदानिक रूप से सुरक्षित और प्रभावी फॉर्म्युलेशन पाया गया है जो डायबिटीज़–पूर्व (सामान्य और डायबिटीज़ रोग होने के बीच की एक अवस्था) के साथ ही टाइप 2 डायबिटीज़ के मामलों में ग्लूकोज़ के सामान्य स्तरों को सफलतापूर्वक सामान्य बनाए रखने में मदद करता है।

- बार–बार पेशाब जाने और प्यास लगने से राहत दिलाता है और कमज़ोरी को नियंत्रित करता है।
- बाज़ार में उपलब्ध डायबिटीज़ के अन्य होम्योपैथिक फॉर्म्युलेशन्स की तुलना में इसका फॉर्म्युलेशन्स गर्भावस्था (गर्भावधि में डायबिटीज़) के दौरान इस्तेमाल के लिए सुरक्षित है।
- इसे अन्य उपचार के साथ इस्तेमाल करने के साथ ही साथ अलग से भी इस्तेमाल किया जा सकता है।
- नैदानिक परीक्षणों में पाया गया है कि बैक्सन डायब एड का नियमित इस्तेमाल करने पर यह खाली पेट और खाना खाने के बाद ब्लड शुगर के स्तरों को कम करने में मदद करता है, इंसुलिन यूनिट की आवश्यकता कम करता है और HbA1c स्तरों को भी घटाता है।

**संगठनः** सिफेलेन्ड्रा इण्ड. Ø, जिम्नेमा सिल. Ø, सिज़ाइजियम जेम्ब. Ø, क्रैटेगस ऑक्सी. Ø, एसिडम् फॉस. 2x, अब्रोमा ऑग. Ø, चियोनेन्थस विर. Ø

**खुराकः** वयस्कः दिन में 3 बार, खाने से पहले 1/4 कप पानी में 10–15 बूंद। बच्चेः दिन में 3 बार, खाने से पहले 1/4 कप पानी में 5–10 बूंद।

**प्रस्तुतिः** 30 मि.ली., 100 मि.ली.



## डाइजी एड

बैक्सन

**सिरप**




**पाचन क्रिया सहायक**

पाचन क्रिया को नियमित करने के लिए अत्याधिक प्रभावी नुस्खा। यह निम्न स्थितियों में स्थाई और तुरंत आराम देता है :

- एसिडिटी
- पेट फूलना
- जी मिचलाना
- उल्टी आना
- पेट में मरोड़

**संगठनः** पाइपर नाइग्रम 2X, नक्स वोम. 3X, थाइमस सर्पे. 3X, ऐसेफोटिडा 3X, हाइड्रेस्टिस केनाडेन्सिस 3X, लाइकोपोडियम् क्लेव. 2X, कोरियेन्ड्रम् सेट. 3X, कार्बो वेज. 3X

**खुराकः** वयस्कः 1 छोटा चम्मच, दिन में तीन बार खाने के बाद।

बच्चेः वयस्कों के खुराक की आधी मात्रा।

**प्रस्तुतिः** 115 मि.ली., 450 मि.ली.



बैक्सन

## फैम एड

**सस्पेंशन**




**स्त्रियों का स्वास्थ्य टॉनिक**

महिला प्रजनन तंत्र को ठीक करता है और स्त्री सम्बंधी अनियमितताओं के लिए उपयोगी है।

मासिक स्त्राव चक्र तथा गर्भाशय के क्रियाकलापों को नियमित करता है। यह श्वेत प्रदर, असमय माहवारी बंद हो जाना, अथवा माहवारी के दौरान अत्याधिक दर्द या स्त्राव में अति लाभदायक है जो ओवेरियन सिस्ट (अन्डाशयी पुटी), गर्भाशय में रसौली, रजोनिवृति काल व योनि (सर्विक्स) कैंसर जैसे रोगों में होते है।

**मनाही निर्देशः** गर्भावस्था या गर्भावस्था की संभावना में फैम एड का सेवन वर्जित है।

**संगठनः** पाइनस लेम्ब. Ø, पल्सेटिला नाइग्रम 3x, कौलोफाइलम थैल. Ø, गोसिपियम हरबेशियम् Ø

**खुराकः** 1–2 छोटे चम्मच पानी के साथ खाना खाने से पहले दिन में दो बार।

**प्रस्तुतिः** 115 मि.ली. व 450 मि.ली.



## फैरम प्लस

बैक्सन

**सिरप**




**लौह टॉनिक**

**मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध**

यह होम्योपैथिक दवाई आपके शरीर में लौह की आवश्यकता को पूर्ण करने में सक्षम है। यह सभी दुषप्रभावों से वियुक्त, पूर्ण रुप से सुरक्षित है।

इसके सेवन से प्राप्त लाभ इस प्रकार हैं–

- यह अतिरिक्त खून बह जाने के कारण होने वाली रक्तहीनता को ठीक करता है।
- यह गर्भवती महिलाओं में बढ़ी हुई लौह की ज़रूरत को पूरा करता है।
- यह भोजन में उपस्थित लौह का हमारे शरीर में अवशोषण करने में मदद करता है।
- यह भूख को बेहतर करता है।
- यह खून में हीमोग्लोबिन के माप को सामान्य रखने में सहायक है।

फैरम प्लस 0.67 ग्राम% हीमोग्लोबिन 5.6 हफ्ते में बढ़ाता है, यह बात गंगा राम अस्पताल नई दिल्ली के रोगियों पर प्रमाणित हो चुकी है।

**संगठनः** फैरम् लेक्टिकम् 1X, अमोनियम् एसिटि. 1X, कालियम फॉस. 1X, एसिडम सिट्रिकम् 1X, एसिडम् फॉसफोरिकम् 1X, नैट्रम फॉस. 1X

**खुराकः** वयस्कः 1 बड़ा चम्मच, दिन में तीन बार। बच्चेः 1 छोटा चम्मच, दिन में तीन बार।

फैरम प्लस मधु मुक्तः हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

**प्रस्तुतिः** 115 मि.ली., 200 मि.ली. व 450 मि.ली.

बैक्सन

# फीवो एड

सिरप




बुखार में राहत दे

किसी रोग या बीमारी की प्रतिक्रिया के कारण शरीर के तापमान का सामान्य 98.6°F (37°C) से अधिक बढ़ जाने को बुखार कहा जाता है। यह संक्रमण के विरूद्ध शरीर की प्रतिरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण भाग बनता है। 104°F (40°C) या इससे तेज़ बुखार होने पर तत्काल आपातकालीन देखभाल ज़रूरी हो जाती है अन्यथा इसके कारण सन्निपात, मतिभ्रम, भ्रम तथा दौरे पड़ सकते हैं, और ऐसा विशेष रूप से शिशुओं और बच्चों में हो सकता है। बुखार के लक्षणों व संकेतों में निम्न शामिल हैं:

- सिहरन, कंपकपी, ठंड लगना
- रूक–रूक कर पसीना आना
- मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द
- त्वचा लाल (तप्त) होना
- सिर दर्द
- कमज़ोरी

'फीवो एड' एक प्रभावी होम्योपैथिक बुखार–रोधी दवा है जो बुखार में सहवर्ती असुविधाजनक लक्षणों से शरीर को राहत प्राप्त करने में मदद करती है।

**संगठनः** एसिटैनिलाइड 8x, फेरम फॉस. 8x, ब्रायोनिया एल्बा 2X, रस टॉक्सिकोडेन्ड्रॉन Ø, जेलसिम्यिम सेम्प. Ø, बेलाडोना Ø, यूपेटोरियम पर्फ.Ø, एनड्रोग्रैफिस पैन. 2X, एगनस कास. Ø, एलियम सीपा. Ø, ऑसिमम सैन. Ø, जसटिशिया अधा. Ø.

**खुराकः** वयस्कः 1 बड़ा चम्मच, प्रत्येक 3–4 घंटे पर।

बच्चेः 1 छोटा चम्मच, प्रत्येक 3–4 घंटों में। शिशुः ½ छोटा चम्मच, प्रत्येक 3–4 घंटों में।

**प्रस्तुतिः** 60 मि.ली.,115 मि.ली. व 450 मि.ली.



# फ्लू एड

गोलियाँ

बैक्सन




फ्लू की दवा

जुकाम के दौरों से तुरंत व प्रभावी आराम में मदद करता है।

फ्लू के गंभीर दौरे, छींकें, बहती नाक, कम और अधिक बुखार, ठंड लगना, सिर दर्द, हड्डियों व मांसपेशियों में दर्द, खांसी व सामान्य कमज़ोरी पर नियन्त्रण के लिए लाभकारी है।

**संगठनः** आर्सेनिकम् एल्बम् 6X, जेलसिम्यिम् से. 3X, यूपेटोरियम् पर्फ. 3X, बेलिस पेरेनिस 3X, ब्रायोनिया एल्बा 3X

**खुराकः** वयस्कः 1 गोली, हर 2 घंटे बाद दिन में 6 बार।

बच्चेः वयस्कों की खुराक की आधी।

**प्रस्तुतिः** 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ



बैक्सन

# गैस्ट्रो एड

सिरप व गोलियाँ




पाचन समस्या अवरोधक

**मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध**

निम्न लक्षणों में सहायकः

- हाइपरएसिडिटी और बदहज़मी।
- जी मिचलाना और उल्टी आना।
- डकारना, अफारा, मरोड़।
- दस्त व कब्ज़।

यह एकमात्र टॉनिक है जो बच्चों, बुजुर्गों और गैसजनित रोगियों में, अग्नाश्य सम्बन्धी अनियमितताओं और आंत सम्बन्धी समस्याओं से राहत दिलाता है तथा पाचन प्रक्रिया को आसान बनाता है।

**संगठनः** गोलियाँः नैट्रम् फॉस. 3X, रोबिनिया सूडो. 3X, कैप्सिकम् एन. 3X, फॉसफोरस 4X

सिरपः नैट्रम् फॉस. 8X, रोबिनिया सूडो. 2X, कैप्सिकम् एन. 4X, एसिडम् सल्फ. 3X, फॉसफोरस 8X

**खुराकः** **सिरपः** वयस्कः 1–2 छोटे चम्मच, दिन में तीन बार। बच्चेः वयस्कों की खुराक की आधी।

गोलियाँः वयस्कः 1 गोली, दिन में 4 बार। बच्चेः 1 गोली, दिन में 2 बार। या चिकित्सक की सलाह के अनुसार।

गैस्ट्रो एड मधु मुक्तः हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

**प्रस्तुतिः** सिरपः 115 मि.ली., 200 मि.ली. व 450 मि.ली.

गोलियाँः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ






# गो टॉक्स

ड्रॉप्स

बैक्सन

डिटॉक्सीफायर

शराब और धूम्रपान की आदत छोड़ने का एक सुरक्षित व आरामदायक होम्योपैथिक तरीका।

यह निम्नलिखित समस्याओं से छुटकारा दिलाता हैः

- शराब व धूम्रपान के कुप्रभाव।
- सरदर्द।
- जी मिचलाना व उल्टी।
- बदहज़मी, सांस की दुर्गंध।
- कब्ज़ व अतिसार।
- अनिद्रा।
- कंपन, थरथराहट व कमज़ोरी।

छोड़ने के न्यूनतम लक्षणों के साथ शराब व तम्बाकू की तलब कम करता है।

**संगठनः** स्ट्रिकनाइनम् नाइट्रिकम् 8X, एविना सटाइवा Ø, क्वैरक्स. ग्लैंड. स्पिरिटस 2X, केलेडियम् सेग. 3X, कालमेघ Ø, डैफने इंडिका 2X

**खुराकः** 15 से 20 बूंदे, दिन में दो बार, 1 छोटे चम्मच पानी में डाल कर लें।

**प्रस्तुतिः** 30 मि.ली.

बैक्सन

# ग्राइप एड

मिश्रण




पाचन को आसान बनाता है

पेटदर्द बच्चों को महसूस होने वाला सबसे खराब अनुभव होता है। इसे पैदा करने वाले कई कारण होते हैं जिनके एकसाथ होने पर, इनका नतीजा पेटदर्द और तकलीफ महसूस होने में होता है।

बैक्सन ग्राइप एड में गैस दूर करने वाली और पाचन संबंधी खूबियां समाई हुई हैं, जो नवजात शिशुओं और बच्चों में पेट की गड़बड़ियो में पेटदर्द के लक्षणों से राहत देती है। यह पाचन मार्ग की सामान्य शारीरिक प्रणाली को ठीक करने में मदद देती है, भूख बढ़ाने वाली दवा के तौर पर काम करती है और बच्चे की सेहत और संपूर्ण स्वास्थ्य सुनिश्चित करती है। होम्योपैथिक दवा होने की वजह से, ग्राइप एड भरोसेमंद, एलर्जीरहित और पूरी तरह से सुरक्षित है और पेट फूलने, पेटदर्द और हिचकी से कारगर राहत दिलाती है, अक्सर दांत निकलते समय होने वाले खराब पेट को ठीक करती है और बच्चे के पाचक तंत्र को नए खाद्य–पदार्थों के अनुकूल करने में उसकी मदद करती हैं।

संगठनः कैमोमिला 3X, मैग्नीशियम फॉस. 8X

खुराकः **शिशुः ½** चम्मच। **1–6 महिने के बच्चेः** 1 चम्मच । **6 महिने – 1वर्ष के बच्चेः 2 चम्मच । 2 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चेः 2–3 चम्मच** या डॉक्टर के निर्देशानुसार लें।

प्रस्तुतिः 115 मि.ली.



बैक्सन

# ग्रो अप

ड्रॉप्स




वृद्धि संवर्धक

यह बच्चों के बढ़ने का सम्पूर्ण माध्यम है।

- पेट दर्द, अतिसार, दांत निकलने की समस्याओं और पेट के कीड़ों से छुटकारा दिलाती है।
- स्मरण शक्ति की कमज़ोरी को रोकती है।
- वृद्धि में सुधार करती है।
- खाने के प्रति अरूचि को कम करती है और आयरन की कमी को दूर करती है।

संगठनः कैल्केरिया फॉस. 8X, फैरम् फॉस. 8X, काली फॉस. 8X, कैमोमिला 3X, सिनकोना ऑफ. 3X, आयोडम् 3X, क्यूप्रम ऑक्सि. नाइग्रम 8X, साइप्रिपिडियम प्यूब. 20X, चिलोन ग्लैब्रा 3X, नेपेटा कैटारिया 2X

खुराकः शिशु (6 माह से 1 साल): 5 बूंदे दिन में दो बार।

1–3 वर्षः 5 बूंदे दिन में तीन बार। 3 वर्ष व अधिकः 10 बूंदे दिन में तीन बार।

प्रस्तुतिः 30 मि.ली.



बैक्सन

# हेयर एड

ड्रॉप्स

(युग्म पैक)




बालों का टॉनिक

बालों का एक सम्पूर्ण टॉनिक।

आंतरिक दवा रूसी, बालों की असमय सफेदी व दोमुँहें बालों को रोकती है। बाहरी संघटन सिर की त्वचा को बेहतर बनाता है और बालों की जड़ों को मज़बूत करता है। हेयर एड स्वस्थ बालों के प्राकृतिक विकास के लिए आवश्यक है।

संगठनः **सेवन हेतु (इन्टर्नल प्रीपरेशन):** एसिडम् फॉस. 3X, लाइकोपोडियम् क्लेव. 3X, जेबोरेण्डी 2X, नैट्रम् म्यूर. 8X.

बाहरी उपयोग हेतु (इक्स्टर्नल **प्रीपरेशन**): सिनकोना ऑफ. Ø, आर्निका मोन्ट. Ø, जेबोरेण्डी Ø, कैन्थेरिस Ø

खुराकः **वयस्कः** 10–12 बूंदें आधे बड़े चम्मच पानी में मिलाकर दिन में दो बार **(सेवन हेतु)**। हर दूसरे दिन पर तेल के साथ मिलाकर 40–45 बूंदें। **(बाहरी सेवन हेतु)**।

**बच्चेः** 5–6 बूंदें आधे चम्मच पानी में मिलाकर दिन में दो बार **(सेवन हेतु)**।

हर दूसरे दिन पर तेल के साथ मिलाकर 20–25 बूंदें। **(बाहरी सेवन हेतु)**।

प्रस्तुतिः 30 मि.ली. प्रत्येक (युग्म पैक)



बैक्सन

# हेयर एड

ड्रॉप्स

(अलग–अलग पैक)




स्वस्थ बालों के लिए

ये ड्रॉप्स रूसी, गंजापन (बाल गिरना) और बाल पतले पड़ना जैसी समस्याओं से लड़ते हैं। एक्स्टर्नल ड्रॉप्स का उपयोग सिर की त्वचा और बालों को कंडीशन करता है और बालों की जड़ों को पोषण देता है। साथ ही यह सिर की त्वचा को खुजली और जलन से बचाता है और दोमुंहे बालों की रोकथाम करता है। एक्स्टर्नल ड्रॉप्स बालों को धोते समय उन पर लगाने के लिए हैं और इंटर्नल ड्रॉप्स सुझाई गई खुराक के अनुसार दवा रूप में सेवन के लिए हैं।

संगठनः आंतरिक **सेवन हेतुः** एसिडम् फॉस. 3X, लाइकोपोडियम् क्लेव. 3X, जेबोरेण्डी 2X, नैट्रम् म्यूर. 8X.

बाहरी उपयोग हेतुः सिनकोना ऑफ. Ø, आर्निका मोन्ट. Ø, जेबोरेण्डी Ø, कैन्थेरिस Ø

खुराकः आंतरिक उपयोग के लिएः आधे बड़े चम्मच पानी में मिलाएं।

वयस्कः 10–12 ड्रॉप्स दिन में दो बार। बच्चेः 5–6 ड्रॉप्स दिन में दो बार।

बाहरी उत्पाद के उपयोग के निर्देशः तेल में मिलाएं और हर दूसरे दिन सिर की त्वचा पर लगाएं। वयस्कः 40–45 ड्रॉप्स। बच्चेः 20–25 ड्रॉप्स।

प्रस्तुतिः 30 मि.ली. प्रत्येक

बैक्सन

## हाइट एड

गोलियाँ




बच्चों की बढ़त में सहायक

बच्चों में धीरे–धीरे विकास होने के कई कारण होते हैं। देरी से होने वाली बढ़त का मतलब 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे की बेहद कम या असामान्य तौर से धीमी रफ्तार से बढ़ने वाली ऊंचाई या वजन से होता है। यह सामान्य तौर पर भी हो सकता है और संभव है कि बच्चा बाद में इस कमी को पूरा कर ले। हालांकि हम असामान्य बढ़त और कम ऊंचाई के आनुवांशिक और जन्मजात कारणों को बदल नहीं सकते हैं, लेकिन हार्मोन संबंधी कारणों, खराब पोषण, विभिन्न बीमारियों और मनोवैज्ञानिक–सामाजिक कारणों की वजह से होने वाली असामान्य बढ़त के लिए निश्चित तौर पर कारण खोजने और समुचित संपूरक आहार देने के साथ इसका उपचार करने की जरूरत होती है।

संगठनः बराइटा कार्बोनिका 6X, साइलिशिया 3X, कैल्केरिया फॉस 3X

खुराकः 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चेः 1 गोली रोजाना सोते समय।

13 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चेः 2 गोलियाँ रोजाना सोते समय।

प्रस्तुतिः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ



## होम्योपैथिक फार्मूला 'डी'

गोलियाँ

बैक्सन




स्वस्थ त्वचा

एक दर्द–निवारक, ऐलर्जीरोधी, शोथरोधी व खुजली विरोधी दवा जो त्वचा को निम्नलिखित रोगों से आराम दिलाती हैः

- एक्ज़ीमा
- लाइकेन प्लेनस
- अत्याधिक खुश्की, दरारें व खरोंचें

संगठनः कैल्केरिया फ्लोरिका 3X, कैल्केरिया सल्फ. 3X, काली सल्फ. 3X, नैट्रम् सल्फ. 3X, आर्सेनिकम् एल्बम् 6X, रस टॉक्स. 3X

खुराकः सूखा एक्ज़ीमा / गीला एक्ज़ीमाः वयस्कः 1 गोली सप्ताह में दो बार दो सप्ताह तक।

बच्चेः 1 गोली सप्ताह में एक बार।

समतल शैवाक (लाइकेन प्लेनस): वयस्कः 1 गोली हर दूसरे दिन।

बच्चेः 1 गोली सप्ताह में दो बार।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया उत्पाद पैक के अंदर दिया गया पर्चा पढ़ें।

प्रस्तुतिः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ



बैक्सन

## होम्योपैथिक फार्मूला 'पी'

गोलियाँ




प्रोस्टेट संरक्षक

डा. बक्शी की होम्योपैथिक फार्मूला 'पी' गोलियाँ रोगियों पर जांच के बाद बनाई गई होम्योपैथिक दवाओं का मिश्रण है जो प्रोस्टेट (पौरुष ग्रंथि) की समस्याओं में आराम पहुँचाती हैं और अनावश्यक सर्जरी (शल्यचिकित्सा) से बचाती हैं। छोटी–छोटी खुराकों के रूप में ली गई दवा प्राकृतिक रूप से अच्छी सेहत बनाए रखती हैं। यह कष्टदायक मूत्रप्रवाह या बार–बार मूत्र आने के लिए प्रयोग की जाती हैं और पौरुष ग्रंथि को सुचारू रूप से काम करने की सुविधा प्रदान करती हैं।

संगठनः चिमाफिला अम्ब. 3X, क्लेमेटिस इरेक्टा 3X, कोनियम् मेक. 3X, फैरम् पिक्रिकम 6X, परेरा ब्रेवा 3X, पोप्यूलस ट्रेम. 3X, पल्साटिला नाइग्रम 3X, सबल सैर. 3X

खुराकः 1 गोली, दिन में चार बार।

प्रस्तुतिः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ






## होम्योविट

सिरप

बैक्सन

स्वास्थ्कारक टॉनिक

सभी आयु वर्गों के लिए एक बहुआयामी पुर्नस्थापना टॉनिक जिसमें एल्फाल्फा और जिनसेंग के प्राकृतिक गुण हैं।

- भूख लगने में सहायक।
- रोग उपरांत दुर्बलता को दूर करने के लिए।
- बच्चों की वृद्धि व विकास में सहायक।
- एनीमिया (खून की कमी), अनिद्रा व सामान्य कमज़ोरी को ठीक करता है।
- शरीर की सामान्य क्रियाओं को नियमित करता है।

संगठनः एविना सटाइवा Ø, सिनकोना ऑफ. 2X, जिनसेंग Ø, हाईड्रेस्टिस कैन. Ø, एल्फाल्फा Ø, एसिडम् फोरमिकम् 3X, लेसिथिन 2X, जनोसिया अशोका 2X, मैंगनम् एसिटि. 2X, जिंकम मेटालिकम 8X।

खुराकः वयस्कः 1 बड़ा चम्मच, दिन में दो बार।

बच्चेः 1 छोटा चम्मच, दिन में दो बार।

प्रस्तुतिः 115 मि.ली., 225 मि.ली. व 450 मि.ली.

बैक्सन

# जैबोरैंडी एड

बालों की देखभाल




बालों की जड़ों को मज़बूती और बालों को पोषण देता है

यह बालों को नया जीवन देने वाला उत्पाद है जो बालों को मज़बूती देता है और उनकी खोई चमक व पोषण लौटाता है, जिससे उनमें चमक, उछाल और भारीपन आता है। यह बाल झड़ना रोकता है और नए बालों के विकास को बढ़ावा देता है। इस तेल से हल्की मालिश करने से सिर की त्वचा में खून का दौरा बढ़ता है, जिससे इसके आरोग्यकारी पदार्थ तेज़ी से अवशोषित होते हैं और बालों की जड़ों को मज़बूती देते हैं तथा बालों को उनके सिरे तक पोषण प्रदान करते हैं।

**संगठनः** आर्निका मोन्टाना Ø, ब्राह्मी Ø, कैन्थेरिस Ø, जैबोरैंडी Ø, वीस्बॉडन 12X, ऑयल बेस

**उपयोग विधिः** बालों व मस्तिष्क की त्वचा पर धीरे–धीरे मालिश करें।

**प्रस्तुतिः** 100 मि.ली., 200 मि.ली. व 500 मि.ली.






# कालमेघ एड

बैक्सन

सिरप

लिवर का सम्पूर्ण इलाज

लिवर की बीमारी एक बड़ी चीज़ है जिसमें वे सभी संभावित समस्याएं शामिल हैं जिनके कारण लिवर अपने निर्धारित कार्य करने में विफल होने लगता है। प्रायः लिवर के 75% या तीन चौथाई टिश्यू प्रभावित होने के बाद ही इसकी कार्यप्रणाली में कोई समस्या होती है। लिवर की बीमारी, हैपेटिक बीमारी भी कहलाती है।

लिवर की बीमारी के मुख्य लक्षण ये हैं:

- जी मिचलाना
- उल्टियां होना
- पेट में दाहिनी तरफ ऊपरी चौथाई भाग में दर्द होना
- पीलिया

थकावट, कमजोरी और वजन कम होना आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।

बैकसन्स कालमेघ एड नैदानिक रूप सें जांची–परखी कई होमियोपैथिक दवाओं का मिश्रण है, जो लिवर की इन समस्याओं से जुड़े लक्षणों में राहत देता है।

**खुराकः** वयस्कः 1 छोटा चम्मच (5 मिली), दिन में 3 बार। बच्चेः आधा छोटा चम्मच (2.5 मिली), दिन में 2 बार, या चिकित्सक के निर्देशानुसार।

**संगठनः** एनड्रोग्रेफिस पैन. (कालमेघ) 2x, कार्डुस मैरियानुस 2x, केरिका पेप. 2x, चेलिडोनियम् मेज. Ø, चियोनेन्थस विर. Ø, माइरिका सेरि. Ø.

**प्रस्तुतिः** सिरपः 115 मि.ली., 450 मि.ली.



बैक्सन

# कॉफ एड

सिरप व गोलियाँ




खांसी से आराम

मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध

एक प्रभावी फॉर्म्यूलेशन जो निम्न लक्षणों में सहायक है।

- गले की खराश खत्म करता है।
- बलगम को आसानी से बाहर निकालता है।
- ब्रॉन्काइटिस (श्वसनीशोथ) व दमा में होने वाली सूखी, उद्वेष्टकारी, ऐलर्जी युक्त, दमघोंटू खांसी के लिए प्रभावी।
- इनसे जुड़े सिरदर्द, जुकाम व बुखार के लक्षणों को रोकता है।

**संगठनः** सिरपः ब्रायोनिया एल्बा 2X, इपिकॉक. 3X, एन्टिमोनियम् टार्ट. 8X, फॉसफोरस 8X, ड्रोसेरा रोट. Ø, जस्टिशिया अधाटोडा Ø.

गोलियाँः ब्रायोनिया एल्बा 3X, इपिकॉक. 3X, एन्टिमोनियम् टार्ट. 3X, फॉसफोरस 4X, ड्रोसेरा रोट. 3X, जस्टिशिया अधाटोडा 3X.

**खुराकः** सिरपः वयस्कः 1 बड़ा चम्मच सिरप, हर 3–4 घंटे बाद।

बच्चेः हर 3–4 घंटे बाद 1 छोटा चम्मच सिरप।

गोलियाँः वयस्कः 1 गोली, दिन में 4 बार। बच्चेः 1 गोली, दिन में 2 बार। या चिकित्सक की सलाह के अनुसार।

कॉफ एड मधु मुक्तः हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

**प्रस्तुतिः** सिरपः 115 मि.ली., 200 मि.ली. व 450 मि.ली.

गोलियाँः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ






# कॉफ एड प्लस

बैक्सन

सिरप

खांसी से प्रभावी आराम दिलाए

मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध

सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करने वाली, खांसी, इसके समय के आधार पर हल्की या गंभीर हो सकती है। खांसी होने के अलग–अलग कारणों में संक्रमण (वायरल व जीवाणु दोनों से होने वाले), वातावरण में मौजूद जलन पैदा करने वाले तत्व, धूम्रपान, अस्थमा, गंभीर ब्रोंकाइटिस, एसिडिटी, अत्यधिक नाक बहने से लेकर मनोवैज्ञानिक कारण भी शामिल होते हैं।

बैक्सन का कॉफ एड प्लस होम्योपैथिक उपचारों का एक संयोजन है, जो किसी भी तरह के साइड इफ़ेक्ट के बगैर विभिन्न गड़बड़ियों से जुड़ी खांसी से तत्काल राहत देता है। इससे सुस्ती नहीं आती है और यह बच्चों के लिए और दिन में उपयोग हेतु पूरी तरह सुरक्षित है।

**संगठनः** पल्साटिला नाइग्र. 3X, रुमेक्स क्रिसपस 3X, जस्टिशिया अ. 3X, इपिकैक 3X, स्पोन्जिया टोस्टा 3X, स्टिकटा पल. 3X, बेलाडोना 3X, ब्रायोनिया अल्बा 3X, कॉकस कैक्टाइ 3X, ड्रॉसेरा रोटंडीफोलिया Ø, एफेड्रा वल. Ø, पाइपर नाइग्रम Ø, जिनजीबर ऑफ. Ø, सेनेगा Ø, ऑसिमम सैन्कटम Ø, बलसम टोलू Ø.

**खुराकः** वयस्कः 1 बड़ा चम्मच, प्रत्येक 3–4 घंटे पर। बच्चेः 1 छोटा चम्मच, प्रत्येक 3–4 घंटे पर। बेहतर परिणाम के लिए कॉफ एड प्लस को गुनगुने पानी के साथ लें।

कॉफ एड प्लस मधु मुक्तः हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

**प्रस्तुतिः** 60 मि.ली.,115 मि.ली. व 450 मि.ली.

## लिव एड
सिरप




लिवर टॉनिक

**मधु मुक्त शून्य कैलोरी सिरप में भी उपलब्ध**

एक सम्पूर्ण लिवर टॉनिकः

- लिवर की क्षीण कार्य क्षमता तथा अनियमितताओं के लिए।
- हैपेटाइटिस, लिवर की सूजन व पीलिया के लिए अचूक दवा।
- बदहज़मी, भूख न लगने और पेट में पीड़ा जैसे लक्षणों के लिए।

संगठनः एनड्रोग्रेफिस पैन. (कालमेघ) Ø, केरिका पेप. 2X, माइरिका सेरि. Ø, चेलिडोनियम् मेज. Ø, चियोनेन्थस विर. Ø

| खुराक | आयु वर्ग खुराक | भूख न लगना/ बदहज़मी | लिवर की क्षीण कार्य क्षमता | पीलिया |
|---|---|---|---|---|
| | शिशुः 5–8 बूंदे | दिन में 2 बार | दिन में 2 बार | दिन में 3 बार |
| | बच्चेः आधा छोटा चम्मच (8 वर्ष से कम) | दिन में 2 बार | दिन में 2 बार | दिन में 3 बार |
| | बच्चेः एक छोटा चम्मच (8 वर्ष से अधिक) | दिन में 2 बार | दिन में 2 बार | दिन में 3 बार |
| | वयस्कः एक छोटा चम्मच | दिन में 3 बार | दिन में 3 बार | दिन में 4 बार |

लिव एड **मधु मुक्तः** हर बड़े चम्मच में 0.45 कि.कैल. है और एक दिन की पूरी खुराक "शून्य कैलोरी" की श्रेणी में आती है। मधुमेह पीड़ित के लिए सुरक्षित।

प्रस्तुतिः 115 मि.ली., 200 मि.ली. व 450 मि.ली.



## मैन्सो एड
सिरप




नियमित ऋतुस्राव

एक पूर्ण स्वास्थ्य पुष्टिकारक जो स्त्रियों की प्रजनन संबंधी तकलीफों में सहायक है। यह विस्तृत अनुसंधान से बनाया गया है। यह टॉनिक मासिक अनियमितता, कष्टार्तव, श्वेत प्रदर, योनलालसा का कम होना, जननांग में संकुचन या स्पर्शकातरता का होना, सामान्य निर्बलता और जननांग संक्रमण में लाभकारी है।

मनाही निर्देशः गर्भावस्था या गर्भावस्था की संभावना में मैन्सो एड का सेवन वर्जित है।

संगठनः अब्रोमा ऑग. Ø, अब्रोमा रेडिक्स Ø, एलेट्रिस फैरिनोसा Ø, एल्फाल्फा Ø, टर्मिनेलिया अर्जुना Ø, बर्बेरिस वल. Ø, सिनकोना ऑफ. Ø, क्रैटेगस ऑक्सी. Ø, जनोसिया अशोका Ø, पल्साटिला नाइग्र. 3X, वाइबरनम् प्रू. Ø, काली. ब्रोम. 1X, कौलोफाइलम् थैल. Ø

खुराकः 1–2 छोटे चम्मच, दिन में 2 बार रोज़ाना।

प्रस्तुतिः 115 मि.ली. व 450 मि.ली.



## मिग एड
गोलियाँ




सिरदर्द से मुक्ति

यह किसी भी तरह के सिरदर्द जैसे आधासीसी, स्कूली बच्चों में अत्याधिक सिरदर्द, माहवारी से पूर्व सिरदर्द, रजोनिवृति के समय होने वाले सिरदर्द, आँखों पर दबाव पड़ने के कारण सिरदर्द, गर्मी या धूप में बाहर निकलने के कारण होने वाले सिरदर्द में तुरंत राहत पहुँचाता है।

संगठनः सिमिसीफ्यूगा रेस. 3X, जेलसिम्यिम् सेम्प. 3X, आइरिस वर्स. 3X, सैंग्यूनेरिया केन. 3X, स्पाइजेलिया एन. 12X, नैट्रम म्यूर 3X, फैरम् फॉस. 3X, कालियम फॉस. 3X

खुराकः वयस्कः 1 गोली, दिन में 4 बार। बच्चेः 1 गोली, दिन में 2 बार। या चिकित्सक की सलाह के अनुसार।

प्रस्तुतिः 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ



## मुलिन ऑयल




कानों के लिए ड्रॉप्स

कानों में दर्द, रूकावट और अन्य प्रकार के रोगों के लिए।

मुलिन ऑयल जिसे वर्बेस्कम थैपस्स नामक जड़ी बूटी से प्राप्त किया जाता है एक जीवाणुनाशक है और इसे कान के रोगों के लिए प्रयोग किया जाता है। यह कर्णशूल, कान बन्द होने की अनुभूति, कर्णनली की सूखी पपड़ीदार अवस्था, बाह्यकर्णशोथ, मध्यकर्णशोथ, बधिरता, पुराना नज़ला, साइन्यूसाइटिस (शिरानालशोथ), वृद्धावस्था तथा वायुविक्रशोथ के लिए उपयोगी है।

संगठनः मुलिन (वर्बेस्कम् थैप्सस), एसिडम् बोरेसिकम्, ग्लिसरीन।

उपयोग के लिए निर्देशः कान में 2–3 बूंदें, दिन में 3–4 बार डालें। यदि तब भी दर्द नहीं जाता है तो इसका उपयोग रोक दे और चिकित्सक को दिखाएँ।

प्रस्तुतिः 10 मि.ली.

बैक्सन

# नैज़ल एड

स्प्रे




प्रभावी नैज़ल स्प्रे

नाक में रूकावट आने को नाक बंद होना या जमी हुई नाक भी कहा जाता है। यह नाक के रास्ते का बंद होना है जो आमतौर पर श्लेष्मा परतों की वजह से सूजी हुई रक्त वाहिकाओं से नाक फूलने के कारण होता है। इसके कई कारण हैं जैसे सामान्य सर्दी, एलर्जिक प्रतिक्रिया, साइन्यूसाइटिस, या नाक की झिल्ली का अपनी जगह से हट जाना।

डॉ. बक्शी की नैजल एड तत्काल काम करने वाला संयोजन है जो लक्षण ठीक करने के साथ नाक बंद होने पर राहत पहुंचाता है। इसके सीधे काम करने वाले सॉल्यूशंस नाक के ऊतकों में रक्त वाहिकाओं को संकुचित करके, सूजन व जमाव महसूस होना कम करके असर डालते हैं। यह इनमें राहत देता है:

- नाक बंद होना
- नाक के स्राव–पानी जैसा, गाढ़ा, नरम या सख्त
- छींक आना
- नाक में खुजली
- गंध का अनुभव खत्म होना
- एलर्जिक राइनाइटिस व साइन्यूसाइटिस से जुड़े अन्य लक्षण।

**संयोजन:** आर्सेनिकम एल्ब 6X, कलकेरिया कार्ब. 3X, हाइड्रेस्टिस कैन. 3X, कैली. बाइक्रोमिकम 3X, पल्सेटिला निग. 3X

**खुराक:** वयस्क: 1–2 स्प्रे प्रत्येक 4 घंटे पर। बच्चे: 1 स्प्रे प्रत्येक 6 घंटे पर।

**प्रस्तुति:** 10 मि. ली.






# ऑइल बाउची

बैक्सन

सफेद दाग (ल्यूकोडर्मा) के लिये

सफेद दाग त्वचा का एक रोग है, जो त्वचा में किसी–किसी स्थान पर रंजक (भूरे रंग) के अनुपस्थित होने की वजह से होता है, जिसके चलते त्वचा पर सफेद चकत्ते उभर आते हैं। ये सफेद चकत्ते त्वचा की कई इन्फ्लैमेटरी (दाहक) स्थितियों के कारण हो सकते हैं, जैसे जलने से या त्वचा–अपघर्षण इत्यादि के बाद। डर्मटाइटिस (चर्मशोथ) के उपचार के बाद भी त्वचा में रंजक की मात्रा कम हो सकती है। साथ ही, सोरियसिस के अपने आप या उपचार के बाद ठीक हो जाने के बाद भी यह कोई गहरा या हल्का निशान छोड़ सकता है (पोस्ट–इन्फ्लैमेटरी हाइपरपिग्मेंटेशन और हाइपोपिग्मेंटेशन)। इससे कोई असली दाग नहीं पड़ता।

तेल मूल में सोरालिया कॉरिफोलिया से तैयार किया गया बैक्सन के ऑइल बाउची हाइपोपिग्मेंटेशन (रंजक की कमी) का प्रभावपूर्ण ढंग से उपचार करता है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।

**प्रयोग के लिये निर्देश:** चिकित्सक के निर्देशानुसार।

**प्रस्तुति:** 60 मि.ली., 100 मि.ली. व 450 मि.ली.



बैक्सन

# पेलवी एड

गोलियाँ




ल्युकोरिया (श्वेत प्रदर) और संबंधित लक्षणों के लिए

प्रजनन तंत्र की समस्याओं विशेषकर ल्युकोरिया (ब्लेंड या तिक्त) से पीड़ित महिलाओं के लिए एक उच्च प्रभावी फॉर्मूला। यह निम्न लक्षणों में सहायक है:

- योनि में खुजली
- पेडू के दर्द की वेदना
- मासिक चक्र की अनियमितताएँ

**मनाही निर्देश:** पेलवी एड को गर्भावस्था या गर्भधारण की संभावना होने के दौरान उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

**संगठन:** एल्यूमिना 3X, बोरेक्स 3X, सीपीया 20X, क्रियोसोटम 3X, पल्साटीला नाइग्रिकेन्स 3X

**खुराक:** वयस्क: 1 गोली, दिन में 3 बार। बच्चे (12 वर्ष से अधिक): वयस्क की खुराक की आधी।

**प्रस्तुति:** 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ






# पेन्टाफॉस

लिक्विड

बैक्सन

फाइव फॉस टॉनिक

यह बैक्सन के द्वारा निर्माण किया गया ऐसा टॉनिक है जिसमें पाँच फॉसफेट उपलब्ध हैं जो होम्योपैथी में पूर्णतः मान्य हैं। डा॰ बक्शी का पेन्टाफॉस टेबलेट्स के अतिरिक्त अब सिरप के रूप में भी उपलब्ध हैं ताकि बच्चों के द्वारा सुविधापूर्वक लिया जा सके।

- यह टॉनिक समस्त आयु वर्गों के द्वारा ग्रहण किया जा सकता है।
- यह हड्डियों को मज़बूत बनाने में सहायक है।
- यह कमज़ोरी को ठीक करने में सक्षम है।
- यह स्मरण शक्ति को सुधारता है।
- यह नाड़ियों तथा रक्तसंचार को सही स्थिति में रखने में मददगार है।

**संगठन:** कैल्केरिया फॉस. 8X, मैग्निशियम् फॉस. 8X, नैट्रम फॉस. 8X, फैरम् फॉस. 8X, काली फॉस. 8X

**खुराक:** वयस्क: 1 बड़ा चम्मच, 2–3 बार प्रति दिन।

बच्चे: 1 छोटा चम्मच, 2–3 बार प्रति दिन।

**प्रस्तुति:** 115 मि.ली. व 450 मि.ली.

# पेन्टाफॉस (3x & 6x)

गोलियाँ




स्वास्थ्यवर्धक

सोडियम, कैल्शियम, पोटाशियम, मैगनीशियम और आयरन के फॉस्फेटों का आज़माया हुआ मिश्रण। यह सभी आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य वर्धक है।

- तंत्रिकाओं, रक्त वाहिकाओं और हड्डियों को स्वस्थ रखता है।
- किसी भी कारण से होने वाली सामान्य निर्बलता को समाप्त करता है। (बुढ़ापा, बच्चे के जन्म, स्तनपान, लम्बी बीमारी या अत्याधिक काम)
- स्मरण शक्ति में कमी और कंकाल सम्बन्धी रोगों के लिए।

संगठन: **पेन्टाफॉस 3X:** कैल्केरिया फॉस. 3X, मैग्निशियम् फॉस. 3X, नैट्रम फॉस. 3X, फैरम् फॉस. 3X, काली फॉस. 3X

**पेन्टाफॉस 6X:** कैल्केरिया फॉस. 6X, मैग्निशियम् फॉस. 6X, नैट्रम फॉस. 6X, फैरम् फॉस. 6X, काली फॉस. 6X

खुराक: वयस्क: 2–4 गोलियाँ, दिन में 3–4 बार।

बच्चे: (5–12 वर्ष की उम्र): वयस्कों की खुराक की आधी। या चिकित्सक की सलाह के अनुसार।

प्रस्तुति: 100 गोलियाँ व 1800 गोलियाँ



# पेरियो एड

माउथवॉश




मुख की स्वच्छता के लिए

मुख की स्वच्छता के लिए माउथवॉश या माउथरिंस को कारगर घरेलू उपचार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसके एंटीसेप्टिक व एंटीप्लॉक गुण, कीटाणुओं से दांतों पर बनने वाले उस प्लॉक को मार देते हैं जो कैविटी, मसूड़ों की सड़न और सांस की दुर्गंध का कारण बन सकता है। पेरियो एड, रोजाना इस्तेमाल के लिए मुख की देखभाल का सम्पूर्ण उपाय है। यह माउथवॉश, ऐसी जगहों पर छिपे कीटाणुओं व जीवाणुओं को मारकर सांस की दुर्गंध से आजादी दिलाता है, जहां तक साधारण टूथब्रश नहीं पहुंच पाता। बैकसन का पेरियो एड माउथवॉश इस्तेमाल करने के लम्बे समय बाद भी सांस में ताजगी व ठंडक का अहसास बना रहता है।

पेरियो एड, मुख के छालों का भी दर्द कम करता है, जलन घटाता है व ऊतकों को ठीक होने में मदद करता है। व्रणों (कैंकर सोर) व मसूड़ों की सड़न ठीक करने के लिए एक बेहतरीन उपचार।

संगठन: कैलेन्डुला ऑफ. Ø, एचिनेशिया एन. Ø, हाईड्रस्टिस केन. Ø

उपयोग हेतु निर्देश: 15–20 बूंद थोड़े पानी में मिलाएं और प्रत्येक भोजन के बाद नियमित रूप से कुल्ला करें। 30–40 सेकेंड तक इस घोल को मुंह में भरे रखें और फिर कुल्ला करके थूकें।

प्रस्तुति: 30 मि.ली.,100 मि.ली.



# फाइटोलाक्का बेरी

गोलियाँ




सुगठित शरीर

मोटापा घटाने का सुरक्षित व प्राकृतिक तरीका।

यह अत्याधिक वज़न (जिसमें प्रजनन के बाद बढ़ने वाला वज़न शामिल है, बशर्ते माँ स्तनपान न करा रही हो), के लिए उपयोगी है। फाइटोलाक्का बेरी टेबलेट्स का उपयोग सेहतमंद भोजन व नियमित व्यायाम के साथ शरीर का भार सामान्य रखने के लिए किया जा सकता है।

संगठन: फाइटोलाक्का बेरी 1X

खुराक: 2 गोली, भोजन से पहले दिन में तीन बार।

प्रस्तुति: 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ व 200 गोलियाँ



# पिलगो

गोलियाँ




बवासीर व फिशर में आराम

विशेष रूप से निर्मित –"पिलगो"– निचली आंतो पर बहुत अच्छे तरीके से काम करती है।

- उठी हुई हीमोरोहायडल (बवासीर संबंधी) नसों में आराम पहुंचाती है।
- रक्तस्त्राव, बवासीर गुदा के फिशर, कीड़ों से आराम पहुँचाती है।

संगठन: रैटेन्हिया 2X, हेमामेलिस वर. 2X, एस्क्यूलस हिप्पोकेस्टनम् 3X, एलो सोकोट्रिना 3X

खुराक: 1 गोली, 4 दिनों तक दिन में तीन बार, जब खून बहना रुक जाए तो 3–6 महीने तक दिन में दो बार, 1 गोली लें ताकि बवासीर (पाइल्स) होने की संभावना को खत्म किया जा सके।

प्रस्तुति: 40 गोलियाँ, 75 गोलियाँ, 200 गोलियाँ

बैक्सन

# पिलगो प्लस

**द्वि पैक**




बवासीर और फिशर के लिए

